SECONDARY SCHOOL EXAMINATION
THIRD PERIODIC TEST: 2023-24
CLASS-IX
ADVANCE HINDI

Time: 01 hour **M.M-20**

निर्देश- 1.कृपया सुलेख पर ध्यान दें।

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उनके अंक उनके सामने अंकित हैं।

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×3=3)

प्रेमचंद का एक चित्र मेरे सामने है, पत्नी के साथ फोटो खिंचा रहे हैं। सिर पर किसी मोटे कपड़े की टोपी, कुरता और धोती पहने हैं। कनपटी चिपकी है, गालों की हड्डियों उभर आई हैं, पर घनी मूछे चेहरे को भरा-भरा बतलाती हैं। पाँवों में कैनवस के जूते हैं, जिनके बंद बेतरतीब बँधे हैं। लापरवाही से उपयोग करने पर बंद के सिरों पर की लोहे की पतरी निकल जाती है और छेदों में बंद डालने में परेशानी होती है। तब बंद कैसे भी कस लिए जाते हैं। दाहिने पाँव का जूता ठीक है, मगर बाएँ जूते में बड़ा छेद हो गया है जिसमें से अंगुली बाहर निकल आई है। मेरी दृष्टि इस जूते पर अटक गई है। सोचता हूँ-फोटो खिंचाने की अगर यह पोशाक है, तो पहनने की कैसी होगी? नहीं, इस आदमी की अलग-अलग पोशाकें नहीं होंगी इसमें पोशाकें बदलने का गुण नहीं है। यह जैसा है, वैसा ही फोटो खिंच जाता है।

क. लेखक के अनुसार प्रेमचंद में कौन-सा गुण नहीं था?
ख. प्रेमचंद किसके साथ फ़ोटो खिंचा रहे थे?
ग. लेखक की दृष्टि कहाँ अटक गई?

प्रश्न 2.निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (1×3=3)

फैली खेतों में दूर तलक तक मखमल की कोमल हरियाली,
लिपटीं जिससे रवि की किरणें चाँदी की सी उजली जाली!
तिनकों के हरे-हरे तन पर हिल हरित रुधिर है रहा झलक
श्यामल भूतल पर झुका हुआ
नभ का चिर निर्मल नील फ़लक!

क. कवि और कविता का नाम लिखिए।
ख. खेतों में दूर तक क्या फैला हुआ है?
ग. कवि ने सूरज की किरणों की तुलना किससे की है?

प्रश्न 3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. मेघों के 'बन-ठन के, सँवर के' आने की बात क्यों कही गई है? (2)
ख. लेखिका ने अपनी माँ के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है। (2)
ग. लेखिका उर्दू-फारसी क्यों नहीं सीख पाई? (1)
घ. लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों? (1)

PTO

TIME : 01 hour

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

अथवा

रामस्वरूप का अपनी बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाना और विवाह के लिए छिपाना यह विरोधाभास उनकी किस विवशता को उजागर करता है?

ख. शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की समाज को कैसे व्यक्तित्व की ज़रूरत है? तर्क सहित उत्तर दीजिए। (1)

प्रश्न 5. मित्र को उसके जन्मदिन के अवसर पर एक बधाई-पत्र लिखिए। (3)

अथवा

शुल्क माफी के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

प्रश्न 6. उपसर्ग अथवा प्रत्यय की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (1)

प्रश्न 7. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखते हुए उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (1)

आग में घी डालना, आस्तीन का साँप, आँख का तारा